लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2454

09 मई, 2016 को उत्तर के लिए

रुकी हुई इस्पात परियोजनाएं

2454. श्री दिनेश त्रिवेदी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में रुकी हुई इस्पात परियोजनाओं की संख्या कितनी है और इसके परियोजना-वार कारण क्या हैं;

(ख) क्या विनियामक संबंधी चिंतायें सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात परियोजनाओं के रुकने के कारणों में से एक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है। इस्पात क्षेत्र में सरकार की भूमिका एक सुविधादाता के रूप में होती है। सरकार सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की इस्पात परियोजनाओं पर तेजी से कार्रवाई को सुगम बनाने के लिए इस्पात परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करती है।

***